पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल जी ने डा0 वी0जी0 पटेल स्मृति व्याख्यान श्रृंखला को आनलाइन सम्बोधित किया

——————

युवा अपने अन्दर उद्यमी व्यक्ति के गुणों को बढ़ाये

———————

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता पर विशेष ध्यान दिया गया है

—————

उत्तर प्रदेश के कुछ विश्वविद्यालय उद्यमिता शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।–

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 6 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन के सभाकक्ष से आनलाइन भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, गुजरात द्वारा आयोजित डा0 वी0जी0 पटेल स्मृति व्याख्यान श्रृंखला के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ0 वी0जी0 पटेल उद्यमिता शिक्षा के महत्व को न केवल समझते थे, बल्कि वह मुख्यधारा की शिक्षा में उद्यमिता के तत्वों को समाहित करना चाहते थे। उन्होंने गुजरात में प्रशिक्षित उद्यमियों की महत्ता का एक रोल मॉडल लागू किया, जो आज देश भर में एक उदाहरण स्वरूप अपनी पहचान बना रहा है

राज्यपाल जी ने कहा कि उद्यमिता विकास के लिये यह आवश्यक है कि एक युवा अपने अन्दर उद्यमी व्यक्ति के गुणों को बढ़ाये। यह तभी सम्भव है जब हम प्रारम्भ से ही विद्यार्थियों के कौशल विकास को निखारने वाली शिक्षा हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता पर विशेष ध्यान दिया गया है। नई शिक्षा नीति विशेष तौर पर रोजगार व स्वःरोजगार कौशल में संवर्धन को बढ़ावा देने वाली है।

अपने उद्बोद्धन में राज्यपाल जी ने जानकारी दी कि हाल ही में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता शिक्षा शुरू करने के महत्व पर चर्चा करने के लिए लखनऊ में कुलपतियों की बैठक का भी आयोजन किया था। इस बैठक में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। उत्तर प्रदेश के कुछ विश्वविद्यालय उद्यमिता शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

राज्यपाल जी ने समारोह में डा0 वी0जी0 पटेल मेमोरियल अवार्ड–2021 से सम्मानित दो व्यवसायिक श्री सुनील चांडक तथा डा0 वेंकटेश बाबू को उद्यमिता की दिशा में उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों के लिए बधाई दी।

इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर आनलाइन प्रतिभाग कर रहे गुजरात के शिक्षा मंत्री भूपेन्द्र चूड़ास्मा ने अपने सम्बोधन में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए उद्यमिता को न केवल बढ़ावा दिया बल्कि इसके लिए एक मजबूत नींव भी डाली।

इस आनलाइन कार्यक्रम के आयोजक तथा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, गुजरात के महानिदेशक डा0 सुनील शुक्ला ने राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर उद्यमिता को बढ़ाने के लिए किये गये कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छोटे स्तर से ही अपना स्टार्ट–अप लगाने का विचार रखने वाले युवाओं के लिए श्रीमती आनंदीबेन पटेल हमेशा प्रेरणा की स्रोत रहेंगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल तथा विशिष्ट अतिथि गुजरात के शिक्षा मंत्री श्री गणेश चूड़ास्मा के सम्मान में भेंट स्वरूप प्रतीक चिन्ह भी प्रस्तुत किये गये।

————————

(राजभवन 32/10)


राजभवन उत्तर प्रदेश
EDIINDIA
Host
Development
Institute of India
Dr. V. G. Patel Memorial Lecture - 3rd in the Series
Smt. Anandiben Patel
Date: Monday, 6th September, 2021 • Time: 11.00 a.m. to 12.00 noon
Entrepreneurship
Development
Institute of India
Ahmedabad
Sunil Shukla
EDII, Ahmedabad
Unmute
Stop video
Share